दैनिक भास्कर

उदयपुर 06-08-2022

दैनिक भास्कर उदयपुर

प्रदेश सरकार व्यावसायिक संगठनों, वेंचर कैपिटलिस्ट के साथ एमओयू कर निवेशकों को आमंत्रित कर रही

निवेशकों के सामने आए संभाग के 15 से ज्यादा स्टार्ट-अप, इनमें एग्रो-एड टेक, आर्टिजन व ट्रेवल टूरिज्म सेक्टर के भी

सिटी रिपोर्टर | उदयपुर

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग का ओपन माइक पिच सेशन प्रोग्राम कलेक्ट्रेट स्थित सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग कार्यालय में हुआ। इसमें उदयपुर संभाग के 15 से अधिक स्टार्टअप ने निवेशकों के सामने अपने बिजनेस आइडियाज प्रस्तुत किए। इस दौरान एग्रो टेक, एड-टेक, एआर/वीआर तकनीक, फिनटेक, आर्टिजन्स, ट्रेवल टूरिज्म सेक्टर के स्टार्टअप शामिल थे। कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए कमिश्नर एवं संयुक्त सचिव आशीष गुप्ता ने कहा कि राजस्थान में नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए आई स्टार्ट राजस्थान के माध्यम से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। व्यवसायिक संगठनों, वेंचर कैपिटलिस्ट के साथ एमओयू साइन करके स्टार्टअप के बेहतरीन निवेशकों को आमंत्रित कर रही है। पहले सत्र में आउटरीच एंड अवेयरनेस कार्यक्रम में संभाग के विभिन्न कॉलेज जैसे गीतांजली, सिंघानिया, सीटीएई के 60 से अधिक छात्र शामिल हुए, जिनको स्टार्ट मेंटर्स उमंग पुरोहित, धवल सिंघल और राकेश राव ने राजस्थान सरकार द्वारा स्टार्टअप के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, बेहतरीन स्टार्टअप और गलतियों से बचने पर मंथन किया।

कोवर्किंग स्पेस, मेंटरशिप, वाईफाई, इन्वेस्टर कनेक्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे

संयुक्त निदेशक सुचना प्रौद्योगिकी विभाग उदयपुर शीतल अग्रवाल ने बताया की वर्तमान में आई स्टार्ट नेस्ट उदयपुर में 15 से अधिक स्टार्टअप उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। स्टार्टअप को आई स्टार्ट नेस्ट उदयपुर में को-वर्किंग स्पेस के अलावा मेंटरशिप, वाईफाई, इन्वेस्टर कनेक्ट आदि की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। दूसरे सत्र में शीतल ने टीआईई उदयपुर के निवेशकों से आग्रह किया कि वे भविष्य में उदयपुर में स्टार्टअप के लिए बेहतरीन माहौल तैयार करने में सहयोग करें।टीआईई उदयपुर की ओर से मनीष गोधा संस्थापक अध्यक्ष, विनीत राठी टीआईई उदयपुर के वर्तमान अध्यक्ष अन्य सदस्यों और निवेशक ऋषभ बर्डिया, दीपक भंसाली, अमित शर्मा, हितेश गांधी, राहुल जीनगर स्टार्टअप पिचिंग सुनी और अपने अनुभव साझा किए।